**अरुण सिंह**
राष्ट्रीय महासचिव

**भारतीय जनता पार्टी**
**Bharatiya Janata Party**

Letter No. GS HQ/5/0032

दिनांक : 03 सितम्बर, 2021

प्रिय बंधुवर/भगिनी,

सादर नमस्कार!

**सेवा और समर्पण अभियान–17 सितम्बर से 07 अक्तूबर, 2021**

हम सब के लिए यह हर्ष का विषय है कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता एवं देश के **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी** का जन्मदिवस 17 सितम्बर को है। माननीय प्रधानमंत्री जी सदैव गरीब, वंचित, दलित, आदिवासी, पिछड़ों एवं किसानों के कल्याण हेतु समर्पित रहते हैं। दशकों की उपेक्षा के बाद समाज के इन वर्गों की आवाज को श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में सुना जा रहा है और वह अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भी सशक्त हुए हैं।

यह **सुखद संयोग** है कि हम सबके यशस्वी नेता माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी का प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री के रूप में 7 अक्तूबर, 2021 को लगातार 20 वर्ष का कार्यकाल जनता के आशीर्वाद से पूरा हो रहा है। 7 अक्तूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बने तथा 2014 में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री बने, लोकतंत्र में जननेता के रूप में यह अवसर बहुत ही कम लोगों को प्राप्त होता है, यह माननीय प्रधानमंत्री जी की निरन्तर बढती हुई लोकप्रियता को दर्शाता है।

प्रत्येक वर्ष हम सभी कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ उनके जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में विभिन्न सेवा के कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते हैं एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हैं।

इस वर्ष माननीय प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस एवं उनके 20 वर्ष जनसेवक के रूप में कार्यकाल का एक साथ सुखद संयोग हो रहा है। **भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी** के निर्देशानुसार **"सेवा और समर्पण अभियान" 17 सितम्बर से 07 अक्तूबर, 2021** तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनायेंगे। इसके माध्यम से सेवा के महत्व तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव को जन जागृत करेंगे।

- सभी प्रदेश तथा जिला कार्यालयों पर माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की **प्रदर्शनी** लगायी जाय, जिसका प्रारूप आपको भेजा जायेगा।
- NaMo App पर भी **वर्चुअल प्रदर्शनी** रहेगी जिसको अधिक से अधिक लोगों तक साझा करें तथा हॉल एवं सभागार में भी दिखाएं।
- प्रत्येक मंडल पर दिब्यांगों को **कृत्रिम अंग एवं उपकरण** वितरित करें।
- जिला स्तर पर **स्वास्थ्य परीक्षण शिविर** लगाये जायं।
- प्रत्येक जिले में गरीब बस्तियों, अनाथालयों, अस्पतालों एवं वृद्धाश्रम में जाकर **फलों का वितरण** करें। अनुसूचित जाति मोर्चा, जनजाति मोर्चा तथा अन्य पिछड़े मोर्चे की प्रभावी भूमिका हो।
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को मुफ्त में **राशन बैग** का वितरण व्यापक स्तर पर हो, महिला मोर्चा की कार्यक्रम में प्रभावी भूमिका हो।
- सभी जन प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी राशन वितरण केन्द्र पर जाएं एवं **लाभार्थियों के वीडियो क्लिप** बनाकर माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करें।
- युवा मोर्चा द्वारा सभी जिलों में **रक्त दान शिविर** आयोजित किये जाएं।
- सभी मंडलों पर स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, व्यापक स्तर पर **प्लास्टिक हटाने का अभियान** हो तथा सिंगल यूज प्लास्टिक को न उपयोग करने का संकल्प लें।

**कार्यालयः** 6-ए, पं. दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002 **दूरभाषः** 011-23500000
**निवासः** 6, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड, नई दिल्ली-110001 **दूरभाष** : 011-23310386
**ईमेलः** arunsinghbjp@gmail.com www.facebook.com/arunsinghbjp twitter.com/arunsinghbjp

- सभी जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के पदाधिकारी सभी बूथों पर **टीकाकरण केन्द्र** पर जाएं तथा जनजागरण व सेवा का कार्य करें एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करें।
- सभी जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी विभिन्न **लाभार्थियों के माध्यम से वीडियो क्लिप** एवं संदेश को प्रचारित एवं प्रसारित कर माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दें।
- देश के सभी बूथों से माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किये जा रहे गरीब कल्याण एवं सेवा के कार्यों के प्रति उनको बधाई एवं अभिनंदन के **5 करोड़ पोस्ट कार्ड** भेज कर सेवा और समर्पण अभियान के संकल्प को मजबूत करें।
- **25 सितम्बर** पंडित दीनदयाल जी की जयंती बूथ पर होने वाले **6 कार्यक्रमों** में से एक है। पंडित दीनदयाल जी के **अंत्योदय** के संकल्प को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चरितार्थ कर रहे हैं, प्रत्येक बूथ पर जरूरतमंदों एवं गरीबों के लिए विभिन्न सेवा के कार्यक्रम हो।
- गांधी जयंती **2 अक्तूबर**, राष्ट्र के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। **स्वच्छता** के विभिन्न कार्यक्रम हों, छोटे शिल्पकार एवं कारीगरों को प्रोत्साहित करें, **खादी का उपयोग करें, स्थानीय उत्पादों** के उपयोग को प्रोत्साहित कर बापू के सिद्धांत को प्रचारित एवं प्रसारित करें।
- सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत सभी **मंडलों पर होर्डिंग** लगायी जाय, मुफ्त में अनाज एवं टीकाकरण हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया जाय।
- इन 20 वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन में सबका साथ–सबका विकास, सबका–विश्वास, सबका–प्रयास की भावना को मूर्तरूप दिया है, इस दृष्टि एवं देश में आए बदलाव पर **सम्मेलन, सेमिनार** एवं कई स्थानीय स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन हो।
- माननीय प्रधानमंत्री जी की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया है इसका **व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार** हो।
- माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उपलब्धियों के साथ–साथ उनके द्वारा समाज एवं देश के प्रति किए जा रहे अद्वितीय कार्यों के संबंध में सभी प्रदेशों में **वर्चुअल कान्फ्रेंस** करें, जिसमें बुद्धिजीवी एवं प्रबुद्ध नागरिकों की भागीदारी हो तथा उनका उद्बोधन भी हो।
- देश की सभी भाषाओं में माननीय प्रधानमंत्री जी के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कार्यों के बारे में विशेषज्ञों, बुद्धिजीवियों एवं वरिष्ठ राय निर्माता के **लेखों, OpEds** आदि समाचार पत्रों में प्रकाशित हो और आम जनता तक पहुंचे।
- पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने राज्य की प्रमुख नदियों के 71 स्थानों पर **नदी सफाई अभियान** चलाया जाय उदाहरण के रूप में उत्तर प्रदेश में पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा 71 स्थानों पर गंगा की सफाई का कार्य कर सकते हैं।
- पार्टी के कार्यकर्ता संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कोविड–19 के कारण हुए **अनाथ बच्चों का पंजीकरण** सुनिश्चित करायें, जिससे पीएम केयर्स के माध्यम से उनको लाभ मिल सकें।
- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को विभिन्न कार्यक्रमों में उपहार, स्मृति चिह्न, मोंमेंटो इत्यादि भेंट के दौरान आदरपूर्वक लोग सम्मानित करते हैं, इन सभी का https://pmmementos.gov.in के माध्यम से नीलामी होती है, और यह राशि नमामि गंगे परियोजना में सार्वजनिक रूप से खर्च होता है। यह नीलामी 17 सितम्बर, 2021 से शुरू होकर 7 अक्तूबर, 2021 तक पुनः होगी। व्यापक प्रचार–प्रसार हो, अधिक से अधिक लोग पंजीकरण करायें तथा इस नीलामी में भाग लें।

**कार्यालयः** 6-ए, पं. दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002 **दूरभाषः** 011-23500000
**निवासः** 6, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड, नई दिल्ली-110001 **दूरभाष :** 011-23310386
**ईमेलः** arunsinghbjp@gmail.com www.facebook.com/arunsinghbjp twitter.com/arunsinghbjp

**अरुण सिंह**
**राष्ट्रीय महासचिव**



- **आजादी के अमृत महोत्सव** के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने आह्वान किया कि हम सभी राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए संकल्प लें, इन **संकल्पों** को NaMo App पर माड्यूल है जिसके माध्यम से प्रतिज्ञा लेकर इस अमृतकाल में अपने योगदान को दर्शा सकते हैं।
- सामाजिक कार्यों एवं जरूरतमंदों की सेवा कर, माननीय प्रधानमंत्री जी को शुभकामना देने का सबसे उपयुक्त माध्यम है NaMo App पर 'My Seva Tribute' है कार्यक्रमों की फोटो इत्यादि अधिक से अधिक लोग अपलोड करें तथा इसका व्यापक प्रचार–प्रसार हो।
- NaMo App में कई विशेषताएं हैं और बहुत ही लोकप्रिय है इसके माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा, समय सारिणी तथा फोटो अपलोड इत्यादि किया जा सकता है अधिक से अधिक जागरूकता कर उपयोग करें।
- कार्यक्रमों का आयोजन करते समय कोविड के नियमों का अवश्य रूप से पालन हो।
- सभी सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि तथा पार्टी के सभी पदाधिकारी उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी प्रभावी रूप से सुनिश्चित करें।

उपरोक्त कार्यक्रमों की व्यवस्थित योजना, क्रियान्वयन एवं समीक्षा हेतु केन्द्रीय स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है–

1. श्री कैलाश विजयवर्गीय, राष्ट्रीय महामंत्री, मो. 9893100001
2. श्रीमती डी. पुरंदेश्वरी, राष्ट्रीय महामंत्री, मो. 9910795666
3. श्री विनोद सोनकर, राष्ट्रीय सचिव, मो. 9013869453
4. श्री राजकुमार चाहर, राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा, मो. 9411456789

आप से अनुरोध है कि प्रदेश स्तर पर समिति का 6 सितम्बर, 2021 के अंदर गठन अवश्य करें एवं केन्द्रीय कार्यालय को सूचित करें। सभी कार्यक्रमों की जानकारी केन्द्रीय कार्यालय को फोटो सहित E-mail: arunsinghbjp2019@gmail.com/saral portal पर भेजें तथा NaMo App पर भी अपलोड करें।

सधन्यवाद,

आपका,

(अरुण सिंह)
राष्ट्रीय महासचिव एवं
मुख्यालय प्रभारी

प्रति,
सभी प्रदेश प्रभारी/सभी प्रदेश अध्यक्ष/प्रदेश महामंत्री (संगठन)

**सूचनार्थ** –माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी
माननीय राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन)

**कार्यालयः** 6-ए, पं. दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002 **दूरभाषः** 011-23500000
**निवासः** 6, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड, नई दिल्ली-110001 **दूरभाष :** 011-23310386
**ईमेलः** arunsinghbjp@gmail.com www.facebook.com/arunsinghbjp twitter.com/arunsinghbjp